एम्स ऋषिकेश में हिंदी सप्ताह समापन समारोह का भव्य आयोजन

एम्स ऋषिकेश में 14 से 25 सितंबर 2024 तक हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया। पूरे सप्ताह विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें हिंदी निबंध प्रतियोगिता, हिंदी टंकण प्रतियोगिता, हिंदी टिप्पण प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता और स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता शामिल रहीं। इसी क्रम में दिनांक 25 सितंबर 2024 को हिंदी सप्ताह समापन समारोह तथा स्वरचित काव्य पाठ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी निदेशक महोदया प्रोफेसर (डॉ.) मीनू सिंह, संकायाध्यक्ष (शैक्षिक), प्रोफेसर (डॉ.) जया चतुर्वेदी, प्रोफेसर लतिका मोहन, विभागाध्यक्ष, शरीर क्रिया विज्ञान, हिंदी सप्ताह आयोजन समिति की अध्यक्ष, प्रोफेसर रश्मि मल्होत्रा, डॉ. मोनिका पठानिया, अपर आचार्य, सामान्य चिकित्सा, डॉ. नम्रता गौड़, अपर आचार्य, सीटीवीएस विभाग, डॉ. अनीसा आतिफ मिर्जा, जैव रसायन विज्ञान विभाग एवं श्री गौरव बड़ोला प्रशासनिक अधिकारी एवं राजभाषा अधिकारी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

समापन समारोह में काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कविताओं का पाठ हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सूचना एवं प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ के प्रोग्रामर श्री अनुराग कृष्ण शुक्ला रहे। अन्य विजेताओं में डॉ. ऋद्धि जाधव (जूनियर रेजिडेंट), प्रांजल जैन (जूनियर रेजिडेंट) और वंदना कुमारी (नर्सिंग अधिकारी) शामिल रहे।

सभी विजेताओं को पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया और उन्हें भविष्य में भी हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही, वर्षभर हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को "उत्कृष्ट कार्य पुरस्कार" से भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान की कार्यकारी निदेशक महोदया ने राजभाषा प्रकोष्ठ के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी कर्मचारियों से सरकारी कामकाज में हिंदी के अधिक से अधिक प्रयोग का आह्वान किया। राजभाषा अधिकारी, श्री गौरव बड़ोला ने हिंदी के ऐतिहासिक महत्त्व पर प्रकाश डाला और हिंदी को राजभाषा के रूप में अपनाने के 75 वर्ष (हीरक जयंती) की विशेष चर्चा की।

राजभाषा के प्रयोग और प्रसार को लेकर यह समारोह एम्स ऋषिकेश के सभी कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत साबित हुआ।

कार्यक्रम के छायाचित्र